## न्यूज डायरी



### इमरान खान को सिद्धू की जगह कपिल शर्मा शो में मिले मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सत्ता जाने के बाद उनकी पूर्व पत्नी रेहम खान भी बेरहम हो गई हैं और उन्होंने तंज कसा है। रेहम खान ने कहा कि इमरान खान कॉमेडी अच्छा कर सकते हैं और उन्हें भारत में काम दिया जाए। उन्होंने कहा कि भारत में दिखाए जाने वाले कपिल शर्मा शो में नवजोत सिंह सिद्धू की जगह खाली हो गई और इमरान खान को मौका दिया जाना चाहिए। रेहम ने कहा कि इमरान खान और नवजोत सिद्धू के बीच अच्छे संबंध भी हैं। रेहम खान ने कहा, (कुर्सी जाने के बाद) अब इमरान खान काफी भावुक हो गए हैं और मैं समझती हूं कि भारत उनके लिए बॉलीवुड में जगह बनाए। इमरान ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाला अभिनय कर सकते हैं। उन्होंने कहा, इमरान खान में कॉमेडियन का टैलंट भी बहुत है। उनके साथ कैबिनेट के कुछ सहयोगी भी जा सकते हैं। नहीं हुआ तो कपिल शर्मा शो में नवजोत सिंह सिद्धू की जगह खाली है और पाजी की जगह पर इमरान खान ले सकते हैं।

### अब अहमद आगा ने बलूचिस्तान के गवर्नर पद से दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बलूचिस्तान। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में इमरान खान के हटने के बाद अब उनकी पार्टी को एक और झटका लगा है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता और बलूचिस्तान के राज्यपाल सैयद जहूर अहमद आगा ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार अहमद आगा ने राष्ट्रपति डा आरिफ अल्वी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। आगा ने इस्तीफा देने के बाद एक बयान में कहा, ष्मैं देश और राष्ट्र के विकास के लिए अपनी भूमिका निभाता रहूंगा। निवर्तमान गवर्नर इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई के नेता हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अमानुल्लाह खान यासीनजई के इस्तीफे के बाद अहमद को पिछले साल 7 जुलाई को राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था। इस बीच, पीटीआई सरकार द्वारा नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव को रोकने के कई प्रयासों के बावजूद, प्रधानमंत्री इमरान खान को सत्ता से बाहर कर दिया गया क्योंकि वह सर्वोच्च न्यायालय के फैसले द्वारा अनिवार्य विश्वास मत हार गए थे।

### पीएमएल-एन नेता को आम चुनाव से पहले पाकिस्तान लौटने की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान को अपना नया प्रधानमंत्री मिल गया है और सत्ता की चाबी पाने के बाद मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी ने अपने नेता नवाज शरीफ की घर वापसी की पूरी तैयारी कर ली है। इस बात की जानकारी देते हुए पार्टी के नेता तलाल चौधरी ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के चुनाव से पहले पाकिस्तान लौटने की उम्मीद है। पार्टी में नवाज शरीफ की अहमियत को रेखांकित करते हुए चौधरी ने दावा किया कि जब भी देश में चुनाव होगा पूर्व प्रधानमंत्री पाकिस्तान में अभियान का नेतृत्व करेंगे। पीएमएल-एन नेता ने कहा कि अगले पांच से छह महीनों के भीतर नए सिरे से चुनाव नहीं हो सकते हैं, हालांकि उन्होंने कहा कि यह देरी पार्टी पर बोझ को बढ़ाएगी ही।


### फिलीपींस में मेगी तूफान से भारी तबाही, भूस्खलन-बाढ़ से अबतक 121 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला। फिलीपींस में तूफान मेगी ने तबाही मचा दी है। फिलीपींस के पूर्वी और दक्षिण पूर्वी इलाकों में मेगी तूफान के बाद भारी बारिश से करीब 17 हजार लोगों को घर छोड़कर शेल्टर होम में शरण लेनी पड़ी है। भारी बारिश के कारण पूर्वी समर प्रांत सहित कई क्षेत्रों में भूस्खलन हुआ है। समाचार एजेंसी एएनआई ने जानकारी दी है कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार फिलीपीन्स में भूस्खलन, बाढ़ से मरने वालों की संख्या 121 हो गई है। फिलीपींस के पूर्वी और दक्षिण पूर्वी इलाकों में लैंडस्लाइड की वजह से हुई भारी तबाही के बीच अबतक यहां करीब 121 लोगों की मौत हो गई है जबकि 30 से ज्यादा लोग लापता हैं। वहीं अलग-अलग घटनाओं में करीब 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

# अमेरिका को मानवाधिकारों पर जयशंकर ने दिया ऐसा करारा जवाब

**जवाब**

## कहा, भारत अमेरिका में भारतीयों के मानवाधिकारों के उल्लंघन पर नजर बनाए हुए है



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में सिखों पर लगातार हो रहे हमलों के बीच भारत के कथित मानवाधिकार उल्लंघन पर सवाल उठाने वाले अमेरिका को भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने करारा जवाब दिया है। बाइडन प्रशासन के दबाव के आगे बिना झुके जयशंकर ने एंटनी ब्लिंकन के भारत में मानवाधिकारों की हालत पर सवाल उठाने और अमेरिकी मानवाधिकार रिपोर्ट का कुछ घंटे के अंदर ही अमेरिका की धरती से मुंहतोड़ जवाब दे दिया। उन्होंने इशारों ही इशारों में साफ कह दिया कि भारत अमेरिका में भारतीयों के मानवाधिकारों के उल्लंघन पर नजर बनाए हुए है। जयशंकर के इस बयान की भारतीय सोशल मीडिया में जमकर तारीफ हो रही है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में अमेरिका को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, लोग हमारे बारे में विचार बनाने का हक रखते हैं। हमें भी उनके लॉबी और वोट बैंक के बारे में विचार बनाने का हक है। हम मौन नहीं रहेंगे। अन्य लोगों के मानवाधिकारों पर हमारी भी राय है, खासतौर पर जिसका संबंध हमारे अपने (भारतीय) समुदाय से है।ष् मानवाधिकारों के मुद्दे पर भारत को लगातार ज्ञान दे रहे अमेरिका को विदेश मंत्री जयशंकर ने अब तक का सबसे कड़ा संदेश दिया। इससे कुछ घंटे पहले अमेरिका के विदेश विभाग ने भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर एक रिपोर्ट जारी करके कई तल्ख टिप्पणियां की थीं। लोग हमारे बारे में विचार बनाने का हक रखते हैं। हमें भी उनके (अमेरिका के) लॉबी और वोट बैंक के बारे में विचार बनाने का हक है। हम मौन नहीं रहेंगे। अन्य लोगों के मानवाधिकारों पर हमारी भी राय है, खासतौर पर जिसका संबंध हमारे अपने (भारतीय) समुदाय से है।

**भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन की निगरानी कर रहा** वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी जयशंकर की मौजूदगी में कहा था कि उनका देश भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन की निगरानी कर रहा है। इसमें कुछ सरकारी, पुलिस और जेल अधिकारियों की मानवाधिकार उल्लंघन की बढ़ती हुई घटनाएं शामिल हैं। ब्लिंकन जब भारत को यह ज्ञान दे रहे थे, ठीक उसी समय न्यूयॉर्क में दो सिखों पर जानलेवा हमला हुआ था। विदेश मंत्री ने यह भी बताया कि इस सप्ताह भारत और अमेरिका के बीच हुई टू प्लस टू मंत्रीस्तरीय बैठक के दौरान मानवाधिकार के मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई थी।

जयशंकर ने कहा कि जब भी इस पर चर्चा होगी तो भारत बोलने से पीछे नहीं हटेगा। जयशंकर ने कहा, ष्इस बैठक में हमने मानवाधिकार के मुद्दे पर चर्चा नहीं की। यह बैठक मुख्य रूप से राजनीतिक-सैन्य मामलों पर केंद्रित थी। जयशंकर और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह यहां वॉशिंगटन में भारत-अमेरिका टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में हिस्सा लेने के लिए आए थे। जयशंकर का अमेरिका को करारा जवाब अब सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बन गया है।

# पुतिन ने स्पेस प्रोग्राम के लिए नई योजनाओं का किया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को 50 दिन पूरे हो चुके हैं। यूक्रेन में भारी तबाही मचाने के बाद भी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को संतुष्टि नहीं मिली है। पुतिन ने एक बिल्कुल नए क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए अपनी महत्वकांक्षी योजनाओं की घोषणा की है।

पुतिन ने कहा कि रूसी स्पेस एजेंसी को अंतरिक्ष की खोज में आने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि इसके लिए रूस अत्याधुनिक स्पेसशिप और न्यूक्लियर स्पेस टेक्नोलॉजी विकसित करेगा। डेलीस्टार की खबर के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस इस साल के अंत तक चंद्रमा पर एक मानव रहित अंतरिक्ष यान भेजेगा। लूना 25 मिशन के लॉन्च की तारीख पहले 2016 थी, जिसके बाद इसे 2018 और फिर 2021 तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया था।

पुतिन ने अपनी महत्वकांक्षी अंतरिक्ष योजनाओं का खुलासा ऐसे समय पर किया है जब कुछ दिनों पहले ही रूस ने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से खुद को अलग करने की घोषणा की थी। रूस ने कहा कि वह नासा और यूरोपीय स्पेस एजेंसी के साथ काम नहीं करेगा। रूस ये कदम यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों के चलते उठा रहा है।



## दुनिया की सबसे बूढ़ी गोरिल्ला ने मनाया 65वां जन्मदिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। दुनिया की सबसे बूढ़ी गोरिल्ला फाटोउ ने बर्लिन के चिड़ियाघर में अपना 65वां जन्मदिन मनाया। चिड़ियाघर के स्टाफ ने गोरिल्ला के लिए एक स्पेशल केक बनाया जो चावल, चीज, सब्जियों और फलों से बना था। केक पर लाल और ग्रे रंग की कैंडी से 65 लिखा हुआ था जिसे गोरिल्ला ने मजे के साथ खाया। जू बर्लिन ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें केक खाने के बाद गोरिल्ला को अपनी उंगलियां चाटते हुए देखा जा सकता है। आयरलैंड की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिमी तराई गोरिल्ला फाटोउ 1959 में बर्लिन आई थी और तब से यहां रह रही है। चिड़ियाघर में गोरिल्ला के इंचार्ज क्रिश्चियन ऑस्ट ने बताया कि जंगलों में रहने वाले गोरिल्लाओं की उम्र आमतौर पर 40 होती है।

# पाकिस्तान आने वाले सिखों का पीएम शहबाज शरीफ ने किया स्वागत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को बैसाखी के मौके पर मुबारकबाद दी। साथ ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आने वाले सभी सिख श्रद्धालुओं का स्वागत किया है। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर उन्होंने लिखा, ष् बैसाखी के मौके पर पाकिस्तान आने वाले सभी सिख डेलिगट्स का मैं स्वागत करता हूं। यह पंजाबी त्योहार फसलों की कटाई वाले मौसम की शुरुआत के प्रतीक से कहीं अधिक है।

यह उम्मीदों के साथ विकास का भी चिन्ह है। इस त्योहार को मनाने वाले सभी लोगों को मुबारकबाद।

बैसाखी पर्व के मौके पर दो हजार से अधिक भारतीय सिख श्रद्धालु पाकिस्तान पहुंच चुके हैं। विभाजन के बाद भारत जाने वाले हिंदुओं और सिखों की धार्मिक संपत्ति का प्रबंधन करने वाले 'एवेक्युई ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) तथा पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के

### पाकिस्तान गए सिख श्रद्धालु का हार्ट अटैक से निधन



अधिकारियों ने मंगलवार को वाघा सीमा पर सिख श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

अटारी-वाघा सड़क मार्ग से मंगलवार को पाकिस्तान गए सिख श्रद्धालुओं के जत्थे में शामिल एक सदस्य का हार्ट अटैक से निधन हो गया। मृतक सिख श्रद्धालु नशाबर सिंह हरियाणा के जिला करनाल के कस्बा बरसात का रहने वाला था। वह 12 अप्रैल को भारतीय सिख श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ बैसाखी पर्व मनाने के लिए पाकिस्तान गया था। बताया गया है कि मंगलवार देर रात करीब 11 बजे रावलपिंडी रेलवे स्टेशन के पास रेलगाड़ी में उसे हार्ट अटैक आने के बाद उसका निधन हो गया।

### ओमिक्रोन की चपेट में चीन, राष्ट्रपति शी ने दी हिदायत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शंघाई। चीन में हर रोज नए मामलों का ग्राफ ऊपर जा रहा है। इसे देखते हुए राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हिदायत दी है। उन्होंने कहा है कि देश में लागू सख्त पाबंदियों का पालन करना अति आवश्यक है और इससे ही कोरोना मामलों में कमी होगी। न्यूज एजेंसी एएनआइ के अनुसार आज यहां 2,999 नए कोरोना संक्रमितों की पहचान की गई है। वहीं शंघाई म्युनिसिपल पीपुल्स सरकार ने शहर को सील कर रखा है और अलग-अलग स्तर पर पाबंदियां लगाई गई हैं। राष्ट्रपति ने दूसरे देशों का भी जिक्र किया और कहा कि तेजी से संक्रमण फैलने के बावजूद कई देशों में पाबंदियों को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा, ष्हमें लोगों की जिंदगियों को इन सब से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा, अभी भी वैश्विक महामारी के कारण हालात गंभीर हैं और इसलिए रोकथाम व नियंत्रण नियमों में हम छूट नहीं दे सकते हैं। चीन की जीरो कोविड पालिसी के तहत यहां के लोगों को लाकडाउन में रखा गया है।